25-11-2026_Layout 1 26-11-2026 01:34 Page 1



jalandharcitylive.com | jalandharcitylive | jalandharcitylive | jalandharcitylive

जालंधर

24 घंटे 365 दिन सिटी लवर्स न्यूज

* अनमोल वचन *

"जब मनुष्य का मन शांत होता है, तभी वह सच्ची खुशी पाता है।"

वर्ष:5 | अंक : 293 | पृष्ठ:4 | मूल्य: 5 रुपये | जालंधर, वीरवार 26 नवम्बर, 2026 | संपादक: रमेश चन्द्र नेय्यर: 9855559913

St. Soldier GROUP OF INSTITUTIONS SINCE 1958

EDUCATION | DISCIPLINE | EXCELLENCE

64 YEARS OF EXCELLENCE — More Than Just Education... — 2000+ Merit Positions in 10th, 12th, Graduation & Professional Courses

➤ FREE BUS SERVICE FOR ALL COLLEGE STUDENTS FOR ALL ROUTES
➤ FREE SPORTS & GYM FACILITIES ◄

CANADIAN PATHWAY PROGRAMS

ENGINEERING (B.Tech - M.Tech*)
• Mechanical Engg. • Electrical Engg. • Civil Engg. • Computer Science Engg. • Electronics & Communication Engg. • Tool Engg. (Automobile Engg.)

HOTEL MANAGEMENT
• B.Sc. Hotel & Hospitality Administration • M.Sc. Hotel Management • Bachelor of Hotel Management & Catering Technology • ITI (Certificate in Food Production, Front Office, Bakery, F&B)

PARAMEDICAL / PHARMACY PHYSIOTHERAPY
• D. Pharmacy • B. Pharmacy • B.Sc. Medical Lab Science • D. Pharmacy • Diploma in M.L.T. • M.Sc. M.L.T. • B.Sc. Nursing • B.Sc. Operation Theatre Technology • B.Sc. Radiology • Imaging Technology • B.Sc. Cardiac Care • B.Sc. Optometry

LAW
• B.A.LL.B. (5 Years) • LL.B. (3 Years) • B.Com LL.B. (5 Years) • LL.M.

POLYTECHNIC DIPLOMA
• Mechanical • Civil • Electrical • Computer Engg. • Automobile • Electronics & Communication

MANAGEMENT & COMMERCE
• B.B.A. • B.Com • B.Com (Hons.) • M.Com • M.B.A. • Diploma in Business Management

DEGREE COURSES
• B.A. • B.Com. • B.C.A. • B.Sc. • B.Sc. (IT)

MEDIA & FASHION
• B.A. (Media & Communication) • B.Sc. Fashion Designing

INFORMATION TECHNOLOGY
• MCA • B.C.A. • B.Sc. (IT) • PGDCA

NURSING TRAINING
• General Nursing & Midwifery (GNM)

ADMISSION OPEN

ARCHITECTURE
• B. Architecture • B.Sc. Interior Designing • B.Voc Interior Designing

TEACHER / PHYSICAL EDUCATION
• BPES • B.P.Ed. • D.P.Ed. • M.P.Ed.

INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
• Electrician • COPA • Welder • Carpenter • Plumber • Vehicle Motor Mechanic • Architecture Draughtsman • Diesel Mechanic • Refrigeration & A.C.

/stsoldiergroup | www.stsoldiergroup.com

LATERAL ENTRY ADMISSION INTO SECOND YEAR AVAILABLE
NOW ANIMATION AND SOCIAL MEDIA COURSES AVAILABLE

ORP. OFFICE : 680-4 MODEL TOWN, JALANDHAR
9814003681 | 9814003652 | 9814343025 | 9914464565





लक्की ठाकुर मर्डर केस : जालंधर से सनसनीखेज वारदात

जालंधर के प्रॉपर्टी कारोबारी लक्की ठाकुर की बेरहमी से हत्या, शिवसेना नेता नरिंदर थापर समेत 2 को किया अरेस्ट

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

जालंधर/जतिनः जालंधर से सनसनीखेज वारदात को अंजाम देते हुए एक प्रॉपर्टी कारोबारी की तेजधार हथियारों से हमला कर बेरहमी से हत्या कर दी गई। हमलावर हत्या के बाद मृतक के हाथ की उंगलियां भी काटकर ले गए। मृतक की पहचान लक्की ठाकुर के रूप में हुई है। वारदात मंगलवार रात करीब **8:30** बजे की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही एसीपी सेंट्रल ओंकार सिंह बराड़ पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। स्पेशल टीमें गठित की हैं। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है और फरार आरोपियों की तलाश जारी है। जालंधर के मखदूमपुरा में प्रॉपर्टी कारोबारी लक्की ठाकुर की तेजधार हथियारों से हमला कर बेरहमी से हत्या कर दी गई।



मृतक लक्की ठाकुर की फाइल फोटो।

तेजधार हथियारों से हमला कर काटीं हाथ की उंगलियां

इतना ही नहीं, हमलावर हत्या के बाद मृतक के हाथ की उंगलियां भी काटकर ले गए। वारदात मंगलवार रात करीब 8:30 बजे की बताई जा रही है। एसीपी सेंट्रल ओंकार सिंह बराड़ पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। स्पेशल टीमें गठित की हैं। इस मर्डर केस में जालंधर पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। इस हत्याकांड में शिवसेना नेता नरिंदर थापर और उसके साथियों की भूमिका सामने आई है। वहीं, आरोपी रामकिशन, रंजन थापर और अन्य लोगों की भूमिका को लेकर भी जांच की जा रही है। पुलिस ने मामले में नरिंदर थापर और दीपक राणा को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को उस समय पकड़ा गया, जब वे जालंधर से फरार होने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार शिवसेना नेता नरिंदर थापर के खिलाफ पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके पास सुरक्षा के लिए दो गनमैन तैनात थे। पुलिस ने दोनों गनमैन वापस बुला लिए हैं। इसके साथ ही नरिंदर थापर का लाइसेंसी हथियार भी वापस ले लिया गया है।

वारदात मंगलवार रात 8:30 बजे की बताई जा रही है

पिछले 6 से 7 माह से विवाद चल रहा था

परिवार का आरोप है कि लक्की ठाकुर और नरेंद्र थापर के परिवार के बीच पिछले 6 से 7 महीनों से विवाद चल रहा था। लक्की ने अपने छोटे बेटे को हुक्का और चिट्टा पिलाने के आरोप लगाते हुए नरेंद्र थापर और उसके बेटे के खिलाफ थाना नंबर-4 में शिकायत दर्ज करवाई थी। इस मामले को लेकर कोर्ट में भी केस चल रहा है। परिजनों का दावा है कि इसी रंजिश के चलते लक्की को पहले भी धमकियां दी जा रही थीं।

गली में स्थित गुरुद्वारा साहिब में माथा टेकने जा रहे थे

20 से 25 साथियों के साथ मिलकर हमला

जानकारी के मुताबिक, लक्की ठाकुर खाना खाने के बाद गली में स्थित गुरुद्वारा साहिब में माथा टेकने जा रहे थे। इसी दौरान उन पर हमला कर दिया गया। मृतक के भाई मनमोहन ने आरोप लगाया कि शिवसेना नेता नरेंद्र थापर के बेटे राम कृष्ण ने अपने 20 से 25 साथियों के साथ मिलकर लक्की पर तेजधार हथियारों से हमला किया। हमले में गंभीर रूप से घायल लक्की को सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

जालंधर नगर निगम की हाउस मीटिंग में हंगामा

कर्मचारियों के भारी हंगामे, नारेबाजी और विपक्ष के वॉकआउट के बीच 150 करोड़ के विकास प्रस्ताव को मंजूरी

- निगम के एक कर्मचारी गुट ने मांगों को लेकर दोबारा हड़ताल शुरू कर दी
- हड़ताली कर्मचारियों ने कूड़े की गाड़ियां खड़ी कर रास्ता जाम कर दिया था
- बैठक में आप पार्षदों के मुकाबले विपक्ष को बोलने का अधिक मौका दिया
- कर्मचारियों की हड़ताल के मसले को जल्द सुलझा लिया जाएगा : मेयर धीर



जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

जालंधर/बादलः जालंधर नगर निगम की आज हुई हाउस बैठक भारी हंगामे, सियासी नारेबाजी और कर्मचारियों के विरोध प्रदर्शन के बीच संपन्न हुई। बैठक के भीतर भी माहौल बेहद गर्म रहा। एक ओर जहां मेयर विनीत धीर ने शहर के सीवरेज सिस्टम, सफाई और सड़कों की मरम्मत के लिए 150 करोड़ रुपये के विकास प्रस्तावों को मंजूरी दी, वहीं दूसरी ओर निगम मुख्यालय के बाहर हड़ताली कर्मचारियों ने कूड़े की गाड़ियों खड़ी कर रास्ता जाम कर दिया और बैठक के भीतर विपक्षी पार्षदों ने जोरदार हंगामा करते हुए वॉकआउट कर दिया। बैठक में आप पार्षदों के मुकाबले विपक्ष को बोलने का अधिक मौका दिया गया, फिर भी कांग्रेस और भाजपा के कुछ सदस्यों ने बिना वजह कार्यवाही में बाधा डाली। मेयर विनीत धीर ने बताया कि 150 करोड़ रुपये के विकास प्रोजेक्ट्स की कागजी कार्रवाई और टेंडर प्रक्रिया एक सप्ताह के भीतर शुरू कर दी जाएगी। हाउस बैठक शुरू होने से पहले ही नगर निगम के एक कर्मचारी गुट ने अपनी मांगों को लेकर दोबारा हड़ताल शुरू कर दी और मुख्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी मुलाजिमों ने कूड़े से भरी गाड़ियों को निगम दफ्तर के मुख्य गेट के सामने खड़ा कर आवाजाही पूरी तरह ठप कर दी। इतना ही नहीं, कर्मियों ने निगम की सेकंड फ्लोर पर जाने वाले रास्ते भी बंद कर दिए, जिससे पार्षदों और आम लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। पार्षद बंटी नीलकंठ ने निगम की 4 मरले जमीन पर कब्जे का मुद्दा उठाया, जिस पर मेयर विनीत धीर ने पलटवार किया। इसके बाद आप पार्षद रोबिन लव ने कालोनी में कब्जे की बात रखी, तो महिला पार्षद ने हंगामा कर दिया। मेयर की शांत रहने की अपील के बावजूद विपक्षी पार्षदों ने नारेबाजी शुरू कर दी। इसी बीच, नीरज जस्सल का आरोप था कि वे सबूत के तौर पर घटिया ईंटें लेकर आए थे, लेकिन मेयर बिना ईंटें देखे ही वहां से चले गए।

मेयर का पलटवार: विकास की बड़ी राशि से परेशान है विपक्ष

मेयर विनीत धीर ने तंज कसते कहा कि शायद विपक्षी सदस्य शहर के विकास के लिए मंजूर हुई इतनी बड़ी राशि से परेशान हैं। वहीं, कर्मचारियों की हड़ताल पर उन्होंने स्पष्ट किया कि यूनियन के साथ बैठकर इस मसले को जल्द सुलझा लिया जाएगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि 35 साल में पहली बार 1196 कर्मियों की भर्ती की फाइल पास करवाई गई है, जिसके लिए वे खुद 20 बार चंडीगढ़ दफ्तर के चक्कर लगा चुके हैं।

आम लोगों की जेब से जुड़े कई अहम वित्तीय नियमों में बदलाव

एक दिसंबर से बदलेंगे पैसों से जुड़े कई बड़े नियम!



SBI क्रेडिट कार्ड लगेगी अतिरिक्त फीस | LPG सिलेंडर की कीमतों में बदलाव संभव | RBI की बैठक में ब्याज दरों पर बड़ा फैसला | EMI बढ़ सकती है या लोन अवधि लंबी

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

नई दिल्ली। आम लोगों की जेब से जुड़े कई अहम वित्तीय नियमों में बदलाव होने जा रहे हैं। 1 दिसंबर से लागू होने वाले इन बदलावों का असर क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करने वालों से लेकर गैस सिलेंडर खरीदने और निवेश करने वाले लोगों तक पर पड़ सकता है। SBI क्रेडिट कार्ड के कुछ ट्रांजैक्शन पर अतिरिक्त चार्ज लगने जा रहा है। वहीं, LPG सिलेंडर की कीमतों में बदलाव की संभावना है। इसलिए महीने की शुरुआत से पहले इन नियमों को जानना जरूरी है। दिसंबर की शुरुआत में होने वाले ये बदलाव क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करने वालों, लोन लेने वालों, निवेशकों और गैस उपभोक्ताओं के लिए अहम रहने वाले हैं। आइए जानते हैं क्या-क्या बदलने वाला है। SBI क्रेडिट कार्ड धारकों के लिए 1 दिसंबर से कुछ खास ट्रांजैक्शन पर अतिरिक्त फीस लागू होगी। नए नियमों के मुताबिक, अगर कोई ग्राहक एक बार में 30 हजार रुपये से ज्यादा का ट्रांसपोर्ट पेमेंट करता है, तो उसे 1 प्रतिशत फीस और लागू टैक्स देना होगा। वहीं, फ्यूल खर्च की बात करें तो अगर एक बिलिंग साइकिल में कुल खर्च 50 हजार रुपये से ज्यादा हो जाता है, तो पूरे फ्यूल खर्च पर 1 प्रतिशत अतिरिक्त चार्ज लगेगा। भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की मौद्रिक नीति समिति (MPC) की बैठक 2 से 4 दिसंबर तक होने वाली है। बैठक में ब्याज दरों को लेकर भी बड़ा फैसला हो सकता है।

कमोडिटी ट्रेडिंग के मार्जिन नियम भी बदलेंगे

SEBI ने कमोडिटी डेरिवेटिव्स में कारोबार करने वाले ट्रेडर्स के लिए नए मार्जिन नियम तय किए हैं। इसके तहत कमोडिटी की कीमतों में उतार-चढ़ाव और जोखिम के आधार पर ट्रेडर्स को शुरुआती मार्जिन के रूप में 6, 8 या 10 प्रतिशत तक रकम जमा करनी होगी। जोखिम का आकलन करने के लिए दो से तीन दिनों की अवधि तय की जाएगी। ये बदलाव कृषि और गैर-कृषि दोनों तरह की कमोडिटी पर लागू होंगे।

आधार में ईमेल अपडेट कराने की फीस माफ

आधार कार्ड धारकों के लिए भी राहत की खबर है। UIDAI ने आधार में ईमेल आईडी जोड़ने या अपडेट करने पर लगने वाली 75 रुपये की फीस फिलहाल माफ कर दी है। यह सुविधा 31 दिसंबर 2026 तक मिलेगी। हालांकि, इसका लाभ केवल आधिकारिक Aadhaar मोबाइल ऐप के जरिए ईमेल अपडेट कराने पर ही मिलेगा। ऐसे में जिन लोगों को आधार में ईमेल एड्रेस जोड़ना या बदलना है, वे 31 दिसंबर से पहले यह काम कर सकते हैं।

जालंधर में लद्देवाली रोड स्थित पार्क एवेन्यू में निकला खतरनाक कोबरा सांप, रेस्क्यू कर पकड़ा

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

जालंधर/बादलः जालंधर में लद्देवाली रोड स्थित पार्क एवेन्यू में खतरनाक कोबरा सांप एएसआई भारत भूषण के घर में घुस गया। सांप को देखते ही परिवार के सदस्य घबरा गए और तुरंत रेस्क्यू टीम को इसकी सूचना दी। सांप दीवार के छेद में घुसकर दूसरी तरफ निकल गया था, जिसके चलते उसे काबू करना आसान नहीं था। एएसआई भारत भूषण के घर से कोबरा को पकड़ने का पूरा वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में रेस्क्यू टीम और एएसआई को ऊंची दीवार पर चढ़कर सांप को पकड़ने की कोशिश करते देखा जा सकता है। एक घंटे की मशक्कत के बाद उसे पकड़ने में सफलता मिली। परिवार ने राहत की सांस ली। एएसआई भारत भूषण के घर में कोबरा दिखाई देने के बाद परिवार ने सांप पकड़ने वाली टीम से संपर्क किया। रेस्क्यू टीम के सदस्य कुलदीप उस समय कपूरथला में रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए गए थे, जिस कारण उन्हें वहां पहुंचने में देरी हुई। परिवार के सदस्यों ने सांप पर लगातार नजर बनाए रखी। मौके पर पहुंचने के बाद कुलदीप ने सांप को पकड़ने का प्रयास किया।



स्पेक्टिकल कोबरा मादा प्रजाति का

रेस्क्यू टीम के सदस्य कुलदीप ने बताया कि पकड़ा गया सांप स्पेक्टिकल कोबरा की मादा प्रजाति का था। उन्होंने बताया कि यह बेहद जहरीला सांप है। इसके काटने से शरीर में न्यूरोटॉक्सिन का असर हो सकता है, जिससे इंसान की जान को गंभीर खतरा पैदा हो सकता है।

जालंधर कैंट के मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबार जगत से दुखद खबर

जालंधर कैंट के मशहूर कारोबारी विनय सेठी का निधन

सोशल मीडिया पर थे 1 मिलियन फॉलोअर्स



जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

जालंधर कैंट/बादल। जालंधर कैंट के मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबार जगत से दुखद खबर सामने आई है। सेठी टेलीकॉम के मालिक और मशहूर कारोबारी विनय सेठी का निधन हो गया। उन्होंने पटेल अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर सामने आते ही जालंधर कैंट के व्यापारिक और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। विनय सेठी कारोबार के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी काफी लोकप्रिय थे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनके करीब 10 लाख फॉलोअर्स थे। वह लगातार सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते थे और अपने ग्राहकों के लिए मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की खरीदारी पर आकर्षक ऑफर और गिफ्ट स्कीम लेकर आते रहते थे।

गुरुपर्व पर भी लेकर आए थे खास ऑफर

बताया जा रहा है कि विनय सेठी गुरुपर्व के अवसर पर भी अपनी दुकान पर ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर लेकर आए थे। वह हमेशा ग्राहकों को बेहतर डील देने और उन्हें खरीदारी के साथ आकर्षक उपहार देने के लिए चर्चा में रहते थे। किसी को अंदाजा नहीं था कि कुछ ही घंटों बाद उनके निधन की खबर सामने आएगी।

व्यापारिक और सामाजिक जगत में शोक

देर रात विनय सेठी के निधन की खबर मिलते ही उनके परिचितों, ग्राहकों और व्यापारिक सहयोगियों में शोक फैल गया। उनके निधन को जालंधर कैंट के व्यापारिक एवं सामाजिक क्षेत्र के लिए बड़ी क्षति माना जा रहा है। उनके अचानक चले जाने से परिवार, मित्रों और शुभचिंतकों में दुख का माहौल है।

CMYK

25-11-2026_Layout 1 26-11-2026 01:34 Page 2

लोक अदालत में दो पक्षों के बीच समझौता, बीमा कंपनी हुई सहमत

चंडीगढ़ सड़क हादसे में बेटे को खोने वाले माता-पिता को मिलेगा 16 लाख रुपए मुआवजा

- अदालत ने समझौते के आधार पर याचिका का निपटारा कर दिया है

जालंधर सिटी
लवर्स न्यूज

चंडीगढ़ : सड़क हादसे में बेटे की मौत के बाद मुआवजे के लिए करीब तीन साल से कानूनी लड़ाई लड़ रहे बिहार निवासी माता-पिता को अब 16 लाख रुपए मिलेंगे। मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल में परिवार ने 40 लाख रुपए मुआवजे की मांग की थी। हालांकि, लोक अदालत में दोनों पक्षों के बीच समझौता होने के बाद बीमा कंपनी 16 लाख रुपए देने पर सहमत हो गई। अदालत ने समझौते के आधार पर याचिका का निपटारा कर दिया है। याचिका के अनुसार, परवीन कुमार उर्फ प्रवीण कुमार की 27 नवंबर 2023 को



चंडीगढ़ में सड़क हादसे के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में थाना सेक्टर-36 में स्नढ्ढक्र दर्ज की गई थी। पुलिस ने आईपीसी की धारा 279 और 337 के तहत केस दर्ज किया था। आरोप था कि बोलेरो गाड़ी चालक अखिल कैन्थ की तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण हादसा हुआ। वाहन का बीमा मैग्मा एचडीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी के पास था। बेटे की मौत के बाद मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 166 के तहत याचिका दायर कर 40 लाख मुआवजे की मांग की थी। सुनवाई के दौरान

मां को 60त्न और पिता को मिलेगा 40त्न हिस्सा

अदालत ने समझौता कर मुआवजा राशि का बंटवारा भी तय कर दिया है। मृतक की मां गीता देवी को 60 प्रतिशत यानी 9 लाख 60 हजार, जबकि पिता श्याम यादव को 40 प्रतिशत यानी 6 लाख 40 हजार रुपए दिए जाएंगे। बीमा कंपनी को 45 दिनों के भीतर भुगतान करना होगा। यह रकम सीधे माता-पिता के बैंक खातों में जमा कराई जा सकती है या मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल के खाते में क्रक्रजतर या ह्रश्वस्रञ्ज के जरिए भेजी जा सकती है।

वाहन चालक, मालिक और बीमा कंपनी ने अपना पक्ष रखा और मुआवजे के दावे का विरोध किया। बाद में लोक अदालत में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। वकील नवदीप अरोड़ा और बीमा कंपनी के वकील अरविंद गुप्ता ने संयुक्त बयान देकर 16 लाख में अंतिम निपटारा करने पर सहमति जताई।

पंजाब के पटियाला से दुखद खबर आई सामने

जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी के दौरान पंजाब के 24 साल के अग्निवीर की मौत, गांव में पसरा मातम

- मंगलवार शाम 4 बजे सेना के कार्यालय से दुखद घटना की जानकारी दी
- वहीं, खबर मिलते ही परिवार और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई



तीन साल पहले बतौर अग्निवीर हुए थे भर्ती

जानकारी के मुताबिक, हरमन नूरी पुत्र जसवीर सिंह करीब तीन साल पहले अग्निवीर योजना के तहत भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। ट्रेनिंग पूरी करने के बाद उनकी तैनाती यूनिट 20 पंजाब के तहत जम्मू में की गई थी, जहां वह अपनी सेवाएं निभा रहे थे।

सैन्य सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार

सेना के अधिकारी जवान के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव गद्दोमाजरा लेकर आ रहे हैं। यहां पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। हालांकि, फिलहाल हरमन नूरी की मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

जालंधर सिटी
लवर्स न्यूज

पटियाला। पंजाब के पटियाला जिले से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। राजपुरा के नजदीकी गांव गद्दोमाजरा के रहने वाले 24 साल के जवान हरमन नूरी की जम्मू-कश्मीर में सेना में ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। मंगलवार शाम करीब 4 बजे सेना के कार्यालय से परिवार को फोन कर इस दुखद घटना की जानकारी दी गई। इस दुखद घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

वह तीन साल पहले अग्निवीर योजना के तहत भारतीय सेना में भर्ती हुए थे

जवान के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव गद्दोमाजरा लेकर आ रहे हैं

पंजाब में पुलिस प्रशासनिक फेरबदल, कई स्क्कऔर कमिश्नर बदले गए

गुरप्रीत सिंह भुल्लर बने जालंधर के नये पुलिस कमिश्नर, पंजाब में 31 IPS/PPS अफसरों के ट्रांसफर

जालंधर सिटी
लवर्स न्यूज

जालंधर/बादल: पंजाब सरकार ने प्रशासनिक आधार पर पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल करते हुए 31 IPS/PPS अफसरों के ट्रांसफर कर दिए हैं। इसी के साथ जालंधर शहर को नया पुलिस कमिश्नर मिल गया है। गुरप्रीत सिंह भुल्लर अब जालंधर के नए पुलिस कमिश्नर बन गए हैं, तो वह सतिंदर सिंह की जगह संभालेंगे। जालंधर के पुलिस कमिनर सतिंदर सिंह को लुधियाना में स्वप्न शर्मा की जगह लगाया गया। एडीजीपी नौनिहाल सिंह को स्टेट आर्म्ड पुलिस जालंधर कैंट में तैनात किया गया। इसी तरह डीआईजी नवीन सिंगला की जगह



- जालंधर के पुलिस कमिनर सतिंदर सिंह को लुधियाना में लगाया गया है
- एडीजीपी नौनिहाल सिंह स्टेट आर्म्ड पुलिस जालंधर कैंट में तैनात किए
- डीआईजी नवीन सिंगला की जगह पर आईजीपी नीलांबरी जालंधर में

पर आईजीपी नीलांबरी को जालंधर में तैनात किया गया। वहीं लुधियाना के पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा को डीआईजी रोपड़ रेंज भेजा गया। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार कई प्रमुख कमिश्नरेट और रेंज में बदलाव किया गया है। कुलदीप सिंह को अमृतसर का पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया है। हरमनबीर सिंह को बॉर्डर रेंज अमृतसर का डीआईजी और स्वपन

हरकमलप्रीत खख जालंधर देहाती का एसएसपी

विभिन्न जिलों के एसएसपी पदों में भी फेरबदल किया गया है। सुरेंद्र लांबा को संगरूर, चरणजीत सिंह को लुधियाना देहाती, रवजोत ग्रेवाल को विजिलेंस ब्यूरो एसएएस नगर, अंकुर गुप्ता को फरीदकोट और अश्विनी गोत्याल को फिरोजपुर का एसएसपी लगाया गया है। वहीं वत्सला गुप्ता को एसबीएस नगर, डॉ. प्रज्ञा जैन को अमृतसर देहाती, तुषार गुप्ता को गुरदासपुर, अजय गांधी को तरनतारन और मनिंदर सिंह को रोपड़ का एसएसपी बनाया गया है। इसके साथ ही भूपिंदर सिंह को मालेरकोटला और हरकमलप्रीत सिंह खख को जालंधर देहाती का एसएसपी नियुक्त किया गया है, जबकि कुछ अधिकारियों की सेवाएं विजिलेंस ब्यूरो को सौंपी गई हैं।

शर्मा को रोपड़ रेंज का डीआईजी लगाया गया है। नवीन सिंगला को फरीदकोट रेंज का डीआईजी नियुक्त किया गया है। हरजीत सिंह को बठिंडा रेंज का डीआईजी, स्नेहदीप शर्मा को फिरोजपुर रेंज का डीआईजी और अमनीत कोंडल को पटियाला रेंज का डीआईजी बनाया गया है। इसके अलावा डॉ. नानक सिंह को टेक्निकल सर्विसेज चंडीगढ़ में डीआईजी और गुरमीत सिंह चौहान को प्रोविजनिंग चंडीगढ़ में डीआईजी के पद पर तैनात किया गया है।

चीन ने किया शेनझोउ-24 अंतरिक्ष यान का सफल प्रक्षेपण

चीन के अंतरिक्ष मिशन में पाकिस्तान की एंट्री, मुहम्मद जीशान अली ने रचा इतिहास



- मिशन में शामिल होने वाले पहले विदेशी नागरिक भी होंगे अली
- पाक के मुहम्मद जीशान अली समेत तीन अंतरिक्ष यात्री हैं सवार



जालंधर सिटी
लवर्स न्यूज

नई दिल्ली। चीन ने अपने मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन के तहत बुधवार को शेनझोउ-24 अंतरिक्ष यान का सफल प्रक्षेपण किया। इस मिशन में पाकिस्तान के मुहम्मद जीशान अली समेत तीन अंतरिक्ष यात्री सवार हैं। अली चीन के मानवयुक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम में शामिल होने वाले पहले विदेशी नागरिक बन गए हैं। इस मिशन के जरिए वह चीन के तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचने वाले पहले विदेशी अंतरिक्ष यात्री भी होंगे। इस मिशन का एक प्रमुख उद्देश्य पहले से स्टेशन पर मौजूद शेनझोउ-23 के अंतरिक्ष यात्रियों की जगह नए दल को तैनात करना है।

लॉन्ग मार्च-2 एफ वाहक रॉकेट से किया गया प्रक्षेपण

चीन ने शेनझोउ-24 अंतरिक्ष यान को उत्तर-पश्चिमी चीन के जीक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से रवाना किया। इसके लिए लॉन्ग मार्च-2एफ वाहक रॉकेट का इस्तेमाल किया गया। प्रक्षेपण के कुछ ही मिनट बाद अधिकारियों ने मिशन को सफल घोषित कर दिया। इस अंतरिक्ष मिशन में तीन यात्री शामिल हैं। इनमें मिशन कमांडर और अंतरिक्ष यान के पायलट तांग होंगबो, फ्लाइट इंजीनियर वू यी और पाकिस्तान के मुहम्मद जीशान अली शामिल हैं।

अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचने वाले पहले विदेशी नागरिक होंगे

मुहम्मद जीशान अली की इस मिशन में भागीदारी को चीन के अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए अहम माना जा रहा है। वह चीन के मानवयुक्त अंतरिक्ष अभियान में शामिल होने वाले पहले विदेशी नागरिक हैं। इसके साथ ही वह तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने वाले पहले विदेशी अंतरिक्ष यात्री भी बनेंगे। वहीं, चीन के अंतरिक्ष यात्री आमतौर पर अपने मिशन के दौरान अंतरिक्ष स्टेशन पर लगभग छह महीने तक रहते हैं।

तीन घंटे में तियांगोंग स्टेशन से जुड़ने की संभावना

अली करीब एक सप्ताह तक अंतरिक्ष में रहने के बाद शेनझोउ-23 अंतरिक्ष यान से पृथ्वी पर वापस लौटेंगे। प्रक्षेपण के बाद शेनझोउ-24 अंतरिक्ष यान के करीब तीन घंटे में तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ने की संभावना जताई गई है। अंतरिक्ष स्टेशन का नियमित संचालन, वैज्ञानिक अनुसंधान, रखरखाव और नए वैज्ञानिक उपकरणों का परीक्षण भी मिशन का हिस्सा है। 90 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोग और तकनीकी परीक्षण होने की योजना है।

2022 में शुरू हुआ था चीन का अपना अंतरिक्ष स्टेशन

चीन ने साल 2022 में ढ्ढस्स से अलग अपना तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन विकसित किया था। क्रक्र की भागीदारी को लेकर चीन को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के कार्यक्रम से बाहर रखा गया था। फिलहाल चीन दुनिया का एकमात्र देश है जो स्वतंत्र अंतरिक्ष स्टेशन का संचालन कर रहा है। फुटबॉल के मैदान के आकार वाला ढ्ढस्स कई देशों के संयुक्त अंतरिक्ष अनुसंधान का केंद्र रहा है। हालांकि, तियांगोंग अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से काफी छोटा है।

2031 में बंद हो सकता है अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन

वर्ष 1998 में प्रक्षेपित किए गए अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अब तक अलग-अलग देशों के अंतरिक्ष यात्री 3,000 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोग कर चुके हैं। हालांकि, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की योजना 2031 की शुरुआत में इसे सेवामुक्त करने की है। इसके लिए स्पेसएक्स की ओर से एक विशेष अंतरिक्ष यान विकसित किया जा रहा है। इसकी मदद से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन को नियंत्रित तरीके से उसकी कक्षा से बाहर लाया जाएगा।

अकाली नेता के घर और उनके ठिकानों पर ईडी की रेड

- सुखबीर बादल के करीबी नेता रविंदर सिंह खेड़ा के घर रेड, भाजपा के साथ हुआ है गठबंधन
- सीआरपीएफ के साथ पंजाब पुलिस की टीमें भी तैनात की गई हैं



कल ही गठबंधन पर लड्डू बांट रहे थे

खेड़ा को अकाली दल के प्रधान सुखबीर बादल का करीबी माना जाता है। आगामी विधानसभा चुनाव के लिए उन्हें खर से अकाली दल का हलका इंचार्ज नियुक्त किया गया था। कल ही अकाली दल और भाजपा में गठबंधन हुआ। जिसकी खुशी में लड्डू बांटने वालों में वह सबसे आगे थे।

जालंधर सिटी
लवर्स न्यूज

पंजाब में सुबह-सुबह मोहाली के खरड़ में ED ने अकाली नेता रविंदर सिंह खेड़ा के घर और उनके ठिकानों पर रेड की है। ईडी की टीम उनके घर और ऑफिस की जांच कर रही हैं। यहां तक कि CRPF के साथ पंजाब पुलिस की टीमें भी तैनात की गई हैं।

कांग्रेस ने आप सरकार और निगम प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा

जालंधर नगर निगम में भ्रष्टाचार! कांग्रेस बोली- बिना एस्टीमेट करोड़ों के प्रस्ताव पास किए जा रहे

जालंधर सिटी
लवर्स न्यूज

जालंधर/सिद्धू। जालंधर नगर निगम की हाउस मीटिंग के बाद कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी (AAP) सरकार और नगर निगम प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजिंदर बेरी ने विधायक बावा हैनरी और पार्टी के पार्षदों की मौजूदगी में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम में बिना चर्चा और एस्टीमेट तैयार किए ही करोड़ों रुपये के विकास कार्यों से जुड़े प्रस्ताव पास किए जा रहे हैं। बेरी ने कहा कि शहर में विकास के नाम पर केवल भ्रष्टाचार हो रहा है और लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा। राजिंदर बेरी ने आरोप लगाया कि पिछली हाउस मीटिंगों की तरह इस बार भी कुछ ही मिनटों में कई प्रस्ताव



बिना किसी विस्तृत चर्चा के पास कर दिए गए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों से संबंधित एजेंडे में शामिल कई प्रस्तावों के एस्टीमेट तक तैयार नहीं थे।ऐसे में सवाल उठता है कि जब एस्टीमेट बने ही नहीं थे, तो हाउस में करोड़ों रुपये की राशि कैसे मंजूर कर दी गई। शहर में विकास कार्यों की जगह पैसों के लेन-देन पर ध्यान दिया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने शहर में पेयजल और सीवरेज की बदहाल व्यवस्था का मुद्दा भी उठाया। सीवरेज के कामों के लिए 25-25 करोड़ रुपये के टेंडर लगाए गए, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात नहीं बदले। इस समस्या को लेकर कई बार

स्वीपिंग मशीन और कम्युनिटी हॉल के खर्च पर सवाल उठाए

प्रेस कॉन्फ्रेंस में मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन की खरीद और कम्युनिटी हॉल से जुड़े प्रस्तावों पर भी सवाल उठाए गए। एक अन्य वक्ता ने स्वीपिंग मशीन के लिए 42.15 करोड़ के प्रस्ताव पर आपत्ति जताई। इस दौरान 452 करोड़ रुपये की राशि का भी जिक्र हुआ, हालांकि जानकारी स्पष्ट नहीं की गई। कम्युनिटी हॉल के एस्टीमेट और मरम्मत के नाम पर खर्च की रकम पर भी सवाल खड़े किए गए। वक्ता ने इन प्रस्तावों को रद्द करने की मांग की।

धरने दिए गए और आरटीआई भी लगाई गई, लेकिन लोगों को जवाब तक नहीं मिल रहा। हालात इंप्रूवमेंट ट्रस्ट से भी बदतर हो चुके हैं। निगम में काम करवाने की बजाय सिर्फ पैसे लेने की होड़ दिखाई दे रही है।

होशियारपुर में ट्रैक्टर फैक्ट्री में तेंदुआ घुसने से हड़कंप

नसराला के पास ट्रैक्टर फैक्ट्री में तेंदुए की हलचल सीसीटीवी कैमरों में कैद, प्लांट एक दिन के लिए किया बंद

- तेंदुए को सुरक्षित पकड़ने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया
- अब फैक्ट्री परिसर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जा रही

जालंधर सिटी
लवर्स न्यूज

जालंधर-होशियारपुर रोड पर नसराला के पास स्थित इंटरनेशनल ट्रैक्टर (सोनालिका) फैक्ट्री में तेंदुआ घुसने से हड़कंप मच गया। तेंदुए की हलचल फैक्ट्री में लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरों में कैद हुई है। घटना के बाद एहतियात के तौर पर फैक्ट्री प्रबंधन ने पूरे प्लांट को एक दिन के लिए बंद कर दिया है। वन

वन विभाग टीम की मदद से कर्मचारियों को सुरक्षित निकाला



विभाग की टीम की मदद से फैक्ट्री में मौजूद सभी कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। तेंदुए को सुरक्षित पकड़ने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। फिलहाल उसकी तलाश की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, तेंदुआ मंगलवार रात फैक्ट्री परिसर में दाखिल हुआ था। वहां लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरों की फुटेज में वह प्लांट के अंदर घूमता हुआ दिखाई दिया। कुछ देर तक परिसर में घूमने के बाद तेंदुआ कैमरों की नजरों से ओझल हो गया। इसके बाद फैक्ट्री प्रबंधन ने तुरंत संबंधित विभागों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग और एनिमल विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गईं।

कर्मचारियों को सुरक्षित निकाला, प्लांट में एंट्री बंद

तेंदुए की मौजूदगी को देखते हुए फैक्ट्री प्रबंधन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। प्लांट में काम कर रहे सभी कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। किसी भी कर्मचारी को फिलहाल फैक्ट्री परिसर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जा रही। प्रबंधन की ओर से कर्मचारियों को छुट्टी दे दी गई है और बुधवार सुबह की शि▪▪ट भी नहीं लगाई गई। सुरक्षा के मद्देनजर प्लांट को एक दिन के लिए बंद रखने का फैसला किया गया है।

महाराष्ट्र में बड़ी संख्या में लोगों की तबीयत बिगड़ने से हड़कंप

- चिकन शोर्मा खाने से बच्चों समेत 40 से ज्यादा बीमार, फूड पॉइजनिंग का शिकार, अस्पताल में जारी इलाज
- बीमार लोगों में 10 बच्चे और एक गर्भवती महिला भी शामिल, प्रभावित लोगों को उल्टी

जालंधर सिटी
लवर्स न्यूज

महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी में चिकन शोर्मा खाने के बाद बड़ी संख्या में लोगों की तबीयत बिगड़ने से हड़कंप मच गया। एक ही स्टॉल से शोर्मा खाने वाले कम से कम 43 लोग फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। बीमार लोगों में 10 बच्चे और एक गर्भवती महिला भी शामिल हैं। सभी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक ही स्टॉल से चिकन शोर्मा खाने के बाद 43 लोगों के बीमार होने की घटना ने इलाके में खाद्य सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। फिलहाल सभी प्रभावित लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है और डॉक्टर उनकी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।



जानकारी के मुताबिक, यह मामला भिवंडी के वंजार पट्टी नाका इलाके का है। यहां सड़क किनारे लगे एक स्टॉल से कई लोगों ने चिकन शोर्मा खरीदकर खाया था। कुछ समय बाद ही लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। प्रभावित लोगों को उल्टी, दस्त और बुखार जैसी शिकायतें होने लगीं। देखते ही देखते बड़ी संख्या में मरीज अस्पताल पहुंचने लगे, जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ। अधिकारियों के अनुसार, अब तक 43 लोगों के फूड पॉइजनिंग की चपेट में आने की पुष्टि हुई है। इनमें 17 पुरुष, 16 महिलाएं और 10 बच्चे शामिल हैं। बीमार लोगों की उम्र 2 साल से लेकर 40 साल तक बताई जा रही है। इसके अलावा एक गर्भवती महिला भी शोर्मा खाने के बाद बीमार पड़ गई। सभी मरीजों को भिवंडी के इंदिरा गांधी मेमोरियल (IGM) उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मरीज बोले- खड़े होने की भी नहीं बची थी हिम्मत

अस्पताल में भर्ती एक मरीज ने बताया कि उसने सोमवार को चिकन शोर्मा खाया था। अगले दिन उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और पूरे दिन वह बीमार रहा। मरीज के मुताबिक, उसकी हालत इतनी खराब हो गई थी कि उसके लिए खड़ा होना भी मुश्किल हो गया था। अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि शोर्मा खाने के बाद कई अन्य लोग भी बीमार हुए हैं। डॉक्टरों की टीम सेहत पर नजर रख रही है।

25-11-2026_Layout 1 26-11-2026 01:34 Page 3

श्री राम कथामृत (तृतीय दिवस): दिव्य बाल लीलाओं और श्री राम-सीता विवाह के अलौकिक प्रसंग से भाव-विभोर हुए श्रद्धालु; साध्वी सुश्री श्रेया भारती जी ने समझाया 'गुरु-शिष्य परंपरा' और 'आदर्श गृहस्थ जीवन' का महत्व

जालंधर सिटी
लवर्स न्यूज







जालंधरः दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान (DJJS) द्वारा अभावग्रस्त व गरीब बच्चों की निशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को समर्पित सामाजिक प्रकल्प 'मंथन' के सहयोगार्थ साई दास स्कूल ग्राउंड में आयोजित सात दिवसीय भव्य 'श्री राम कथामृत' के तृतीय दिवस का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और दिव्य उल्लास के साथ संपन्न हुआ। 22 से 28 नवंबर तक प्रतिदिन सायं 6:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक चलने वाली इस पावन कथा में संस्थान के संस्थापक एवं संचालक श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या, विश्व विख्यात कथा व्यास साध्वी सुश्री श्रेया भारती जी ने प्रभु श्री राम की मनमोहक बाल लीलाओं, ऋषि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा, अहिल्या उद्धार, सीता स्वयंवर तथा श्री राम विवाह के गूढ़ आध्यात्मिक रहस्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कथा के तृतीय दिवस पर जैसे ही मिथिलापुरी में धनुष यज्ञ और श्री राम-सीता विवाह का अलौकिक प्रसंग आया, पूरा पंडाल ÷सियावर रामचंद्र की जय÷ के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। साध्वी बहनों द्वारा प्रस्तुत सुमधुर मंगल गीतों और भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे और पुष्प वर्षा कर प्रभु विवाह का उत्सव मनाया।

तृतीय दिवस के मुख्य आध्यात्मिक एवं सामाजिक बिंदुः

बाल लीलाएं और संस्कारों की नींवः साध्वी सुश्री श्रेया भारती जी ने प्रभु श्री राम की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान की प्रत्येक लीला मानव मात्र के लिए एक गहरा संदेश समेटे हुए है। उन्होंने माता-पिता को प्रेरित किया कि बचपन से ही बच्चों में माता-पिता व बड़ों के प्रति सम्मान, अनुशासन और आध्यात्मिक संस्कारों के बीज बोने चाहिए, तभी वे आगे चलकर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्शों पर चल सकेंगे।

गुरु-शिष्य परंपरा और अहिल्या उद्धारः ऋषि विश्वामित्र द्वारा श्री राम और लक्ष्मण को अपने साथ ले जाने के प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए साध्वी जी ने कहा कि एक पूर्ण सदुरु ही शिष्य के भीतर छिपी दिव्य क्षमताओं को जागृत कर उसे समाज कल्याण के मार्ग पर प्रशस्त करता है। वहीं, पाषाण बनी अहिल्या के उद्धार की व्याख्या करते हुए उन्होंने बताया कि आज का मानव भी अज्ञान और विकारों के कारण संवेदनहीन (पत्थर समान) हो चुका है, जिसका उद्धार केवल सदुरु के चरणों की कृपा और 'ब्रह्मज्ञान' के स्पर्श से ही संभव है।

सीता स्वयंवर (शिव धनुष भंग) का आध्यात्मिक रहस्यः सीता स्वयंवर में शिव धनुष भंग के गूढ़ अर्थ को समझाते हुए साध्वी जी ने कहा कि शिव धनुष मानव के %अहंकार% का प्रतीक है। जब तक जीवन में अहंकार रूपी कठोर धनुष विद्यमान है, तब तक जीवात्मा (सीता) का परमात्मा (श्री राम) से मिलन संभव नहीं है। पूर्ण गुरु की कृपा से जब अहंकार टूटता है, तभी भक्ति और भगवान का दिव्य मिलन होता है।

आदर्श गृहस्थ जीवन और मंथन प्रकल्पः श्री राम-सीता विवाह के माध्यम से उन्होंने आज के युवाओं को मर्यादा, त्याग और समर्पण पर आधारित आदर्श गृहस्थ जीवन जीने की प्रेरणा दी। साथ ही, उन्होंने 'मंथन' प्रकल्प के माध्यम से वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षित व संस्कारित कर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया।

पूजन एवं विशिष्ट अतिथियों की उपस्थितिः तृतीय दिवस की कथा का शुभारंभ विधिवत पूजन एवं पावन ज्योति प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें मुख्य यजमान गौतम कुकरेजा, सोनू कुकरेजा, गौरव कुकरेजा, प्रीति कुकरेजा एवं दैनिक यजमान राजेंद्र प्रकाश अग्रवाल, राजन अग्रवाल, बलबीर सिंह जसरोटिया, ललित विक्रम, मोहित अग्रवाल, विवेक गर्ग, प्रवीण सिंह, प्रवेश गुलाटी (पराग इम्पेक्स) ने सपरिवार पूजन कर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। पावन श्री आरती के अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य अनिल यादव (BSF कमांडेंट), राकेश राठौर, मनोरंजन कालिया, रमन पब्बी, साहिल शर्मा, मुनीश शर्मा, गुरमिंदर सिंह, रघुवीर सिंह, रमन शर्मा, सुभाष सोंधी, कमल भुम्बला, ब्रह्म धीर, राकेश महाजन, अजय मल्होत्रा, जोगिंदर अरोड़ा, नितिन अग्रवाल, दीना नाथ, अमित आनंद, वरिंदर सचदेवा, रूप मेहता, प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी, शिक्षाविद तथा असंख्य प्रभु भक्त विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्वामी सज्जनानंद जी ने समस्त जालंधर वासियों से विनम्र अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में साई दास स्कूल ग्राउंड पहुंचकर इस ज्ञानयज्ञ का लाभ उठाएं और मंथन' प्रकल्प के इस नेक कार्य में सहभागी बनें। इस अवसर पर स्वामी परमानंद जी, गिरधरानंद जी, साध्वी पल्लवी भारती जी, साध्वी गुरप्रीत भारती जी, साध्वी शशि प्रभा भारती जी सहित अन्य संत-प्रचारक भी उपस्थित रहे। कथा के चतुर्थ दिवस (25 नवंबर) के प्रसंग में श्री राम वनवास, केवट प्रसंग और भरत मिलाप के मर्मस्पर्शी एवं आध्यात्मिक रहस्यों को उजागर किया जाएगा।

पवन गुप्ता ने एनफोर्समेंट टेक्नोलॉजी (पंजाब) के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला, नितिन कोहली ने शुभकामनाएं दीं

जालंधर सेंट्रल से आम आदमी पार्टी के घोषित उम्मीदवार नितिन कोहली ने पवन गुप्ता को बधाई दी और विश्वास जताया कि वह नई जिम्मेदारी को पूरी लगन और समर्पण के साथ निभाएंगे





जालंधर सिटी
लवर्स न्यूज

चंडीगढ़। एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में पवन गुप्ता ने एनफोर्समेंट टेक्नोलॉजी (पंजाब) के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला। जालंधर सेंट्रल से आम आदमी पार्टी के घोषित उम्मीदवार नितिन कोहली ने पवन गुप्ता को बधाई दी और विश्वास जताया कि वह अपनी नई जिम्मेदारी को पूरी लगन और समर्पण के साथ निभाएंगे। नितिन कोहली आम आदमी पार्टी के संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। इस दिशा में वह अनुभवी व्यक्तियों और जनसेवा के प्रति समर्पित लोगों को पार्टी के साथ जोड़ रहे हैं। समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों से जुड़ने के उनके निरंतर प्रयास पंजाब के विकास में योगदान देने वाली एक मजबूत टीम तैयार करने के उनके दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। कोहली ने कहा कि इस तरह की नियुक्तियां योग्य और सक्षम व्यक्तियों को शासन व्यवस्था, जनकल्याण और राज्य की समग्र प्रगति में योगदान देने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपने और योग्य व्यक्तियों को पहचान देने के लिए पार्टी नेतृत्व का आभार भी व्यक्त किया। पवन गुप्ता की नियुक्ति पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करने तथा पंजाब के विकास के लिए पार्टी के दृष्टिकोण के साथ अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। जालंधर सेंट्रल से वर्ष 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रहे नितिन कोहली लगातार जनसंपर्क और संगठनात्मक पहलों के माध्यम से पार्टी की पहुंच बढ़ाने और उसकी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए कार्य कर रहे हैं। पवन गुप्ता को एक बार फिर बधाई देते हुए कोहली ने उनके सफल कार्यकाल की कामना की और विश्वास जताया कि वह उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे। यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब आम आदमी पार्टी मिशन 2027 से पहले पूरे पंजाब में अपने संगठनात्मक नेटवर्क को लगातार मजबूत कर रही है। इस अवसर पर आत्म प्रकाश बब्बलू, श्वेता धीर, पवन हंस, चंदन ग्रेवाल, मनमोहन राजू, सुरेश गुप्ता, निशांत धीर, अतुल भगत और जगरूप सिंह सेखवां सहित कई प्रमुख हस्तियां, समाज के गणमान्य व्यक्ति और प्रतिष्ठित सदस्य भी उपस्थित रहे।

प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर के.एम.वी. हॉस्टल भक्तिमय वातावरण से हुआ सराबोर



जालंधर सिटी
लवर्स न्यूज

जालंधर। कन्या महाविद्यालय (ऑटोनॉमस) के हॉस्टल में श्री गुरु नानक देव जी के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरबाणी के मधुर स्वर, आध्यात्मिक शांति एवं आपसी सद्भाव का मनमोहक वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर हॉस्टल में रहने वाली छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने एकत्रित होकर इस पवित्र पर्व को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया। घर से दूर रहने वाली छात्राओं को परिवार जैसा स्नेहपूर्ण वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित इस समारोह के माध्यम से सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी की सार्वभौमिक शिक्षाओं को नमन किया गया। समारोह का शुभारंभ प्रातःकाल जपुजी साहिब एवं सुखमनी साहिब के भावपूर्ण पाठ से हुआ। इसके पश्चात हॉस्टल की छात्राओं द्वारा मधुर शब्द-कीर्तन प्रस्तुत किया गया।

जालंधर के चहुंमुखी विकास को मिलेगी नई रफ्तार, 150 करोड़ रुपये के विकास प्रोजेक्टों को मेयर वनीत धीर ने दी मंजूरी

चारों विधानसभा हलकों में सड़कों, पार्कों, कम्युनिटी हॉल और बुनियादी सुविधाओं पर होगा करोड़ों रुपये का निवेश, शहर की सूरत बदलने की तैयारी

जालंधर सिटी
लवर्स न्यूज

जालंधर। जालंधर शहर के चहुंमुखी विकास को गति देने के लिए नगर निगम हाउस में मेयर वनीत धीर ने करीब 150 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास प्रोजेक्टों को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं के माध्यम से शहर के चारों विधानसभा हलकों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ सड़कों, पार्कों, कम्युनिटी हॉल, ड्रेनेज व्यवस्था, ट्रैफिक लाइटों और स्ट्रीट लाइटों सहित सार्वजनिक सुविधाओं का व्यापक स्तर पर विकास करवाया जाएगा। मेयर ने विकास कार्यों के लिए सभी शहरी हलकों को प्राथमिकता देते हुए क्षेत्रवार योजनाएं तैयार की हैं, ताकि शहर के किसी भी हिस्से को विकास से वंचित न रहना पड़े। मेयर वनीत धीर के नेतृत्व में तैयार विकास योजना के तहत नॉर्थ, सेंट्रल, कैंट और वेस्ट विधानसभा हलकों में करोड़ों रुपये के विकास कार्य शामिल किए गए हैं। इसके अतिरिक्त शहर की विभिन्न कॉलोनियों में सड़कों के निर्माण पर ही 25 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जा रहे हैं। इन परियोजनाओं में प्रमुख सड़कों के निर्माण और री-कारपेटिंग से लेकर गलियों में इंटरलॉकिंग टाइलें लगाने, पार्कों के नवीनीकरण, कम्युनिटी हॉल के निर्माण और शहर की सुंदरता बढ़ाने से जुड़े कार्य शामिल हैं।

सेंट्रल हलके को विकास कार्यों में बड़ी हिस्सेदारी

सेंट्रल विधानसभा हलके में सड़कों और गलियों के निर्माण के साथ-साथ पार्कों के विकास, सार्वजनिक स्थलों के रखरखाव और शहर की सुंदरता बढ़ाने से जुड़े प्रोजेक्ट शामिल हैं। लाल रतन क्षेत्र में पेंटिंग और थर्मोप्लास्टिक पेंट के लिए 92 लाख रुपये, न्यू जवाहर नगर की सड़कों के निर्माण के लिए 65 लाख रुपये तथा सैदा गेट से कादेशा चौक तक सड़कों और गलियों के निर्माण के लिए 29 लाख रुपये रखे गए हैं। कंपनी बाग पार्क के मुख्य कार्यालय की मेंटेनेंस पर 50 लाख रुपये, मखदूमपुरा मोहल्ले की गलियों के निर्माण पर 55 लाख रुपये और श्री राम चौक से भगवान वाल्मीकि चौक, गुरु नानक मिशन चौक होते हुए गुरु अमरदास चौक तक सड़क निर्माण पर 57 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा बैडमिंटन कोर्ट और कमलजीत हॉल के आसपास पार्कों के विकास से संबंधित कार्य भी करवाए जाएंगे।

नॉर्थ हलके में सड़कों और पार्कों का होगा कायाकल्प

नॉर्थ विधानसभा हलके में ट्रैक्टर-ट्रॉली, ड्राइवर, लेबर और हॉर्टिकल्चर संबंधी कार्यों के लिए 55 लाख रुपये, इंडस्ट्रियल एस्टेट पार्क के निर्माण के लिए 33 लाख रुपये तथा गाजीगुल्ला चौक और महर्षि कश्यप चौक के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के लिए 20 लाख रुपये शामिल हैं। कालिया कॉलोनी में काला संघियां ड्रेन को दुरुस्त करने के लिए 95 लाख रुपये और इंडस्ट्रियल एरिया की सड़कों के निर्माण के लिए करीब 78 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। दादा कॉलोनी जोन में रोड फर्नीचर के लिए 62 लाख रुपये, इंडस्ट्रियल एस्टेट जोन में सड़कों और पार्कों के विकास के लिए 70 लाख रुपये तथा कोटला रोड पर सड़क निर्माण के लिए 1 करोड़ 14 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।



कैंट हलके में सड़क निर्माण और गलियों के सुधार पर जोर

कैंट विधानसभा हलके में रॉयल एन्क्लेव की इंटरनल रोड के निर्माण पर 1 करोड़ 38 लाख रुपये खर्च होंगे। सोफी पिंड बैरियर ड्रेन के लिए 10 लाख रुपये और सोफी पिंड से जमशेर बाईपास तक सड़क निर्माण के लिए 35 लाख रुपये रखे गए हैं। धीना में इंटरलॉकिंग टाइलें लगाने पर 35 लाख रुपये तथा गड्डा, मोहल्ला मंदिर क्षेत्र में सीसी फ्लोरिंग पर 31 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। विभिन्न सड़कों की री-कारपेटिंग और निर्माण के लिए 73 लाख रुपये, पार्कों की मरम्मत के लिए 50 लाख रुपये और दीप नगर की गलियों में इंटरलॉकिंग टाइलें लगाने के लिए 70 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। डिफेंस कॉलोनी रेलवे लाइन वाली सड़क की री-कारपेटिंग पर भी 43 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

वेस्ट हलके में कम्युनिटी हॉल और सड़कों के विकास को प्राथमिकता

वेस्ट विधानसभा हलके में कोट सादीक में हॉल के निर्माण के लिए 50 लाख रुपये, बुड्ढा मल पार्क के नवीनीकरण के लिए 25 लाख रुपये और तिलक नगर कम्युनिटी हॉल के लिए 25 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। अवतार नगर मेन रोड और स्ट्रीट नंबर 13 में सड़क निर्माण के लिए 95 लाख रुपये तथा जतीन काउंसलर वाली गली में सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत के लिए 55 लाख रुपये रखे गए हैं। हॉर्टिकल्चर कार्यों के लिए ट्रॉलियां लगाने पर करीब 90 लाख रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा बस्ती शेख जोन में पेंटिंग एवं ग्राफिक्स के लिए 25 लाख रुपये और श्री गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में पैचवर्क एवं पेंटवर्क के लिए 1 करोड़ 10 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

कॉलोनियों की सड़कों पर भी खर्च होंगे 25 करोड़ से अधिक

शहर की विभिन्न कॉलोनियों में सड़कों की बदहाल स्थिति को सुधारने के लिए 25 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की जा रही है। इससे लंबे समय से सड़क निर्माण और मरम्मत की प्रतीक्षा कर रहे इलाकों के निवासियों को राहत मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही पार्कों के नवीनीकरण, ट्रैफिक लाइटों, स्ट्रीट लाइटों, कम्युनिटी हॉल, ड्रेनेज और गलियों के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। मेयर वनीत धीर ने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य जालंधर के हर क्षेत्र में संतुलित और योजनाबद्ध विकास सुनिश्चित करना है। विकास कार्यों की योजना बनाते समय चारों विधानसभा हलकों की जरूरतों और स्थानीय समस्याओं को ध्यान में रखा गया है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से शहर के बुनियादी ढांचे में सुधार आएगा और लोगों को बेहतर नागरिक सुविधाएं मिलेंगी।







25-11-2026_Layout 1 26-11-2026 01:34 Page 4

43वां इंडियन ऑयल सर्वो सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट

पंजाब पुलिस ने शानदार जीत दर्ज की, इंडियन नेवी (मुंबई) को 4-0 से हराया

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज



जालंधर। 43वें इंडियन ऑयल सर्वो सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट के तहत 25 नवंबर को खेले गए अहम मैचों में, रेल कोच फैक्ट्री (कपूरथला) ने BSF जालंधर पर 4-1 से बड़ी जीत हासिल की, जबकि भारत पेट्रोलियम और आर्मी (दिल्ली) के बीच मुकाबला 0-0 से ड्रॉ रहा। बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए, पंजाब पुलिस की टीम ने इंडियन नेवी (मुंबई) को 4-0 से करारी शिकस्त दी। टूर्नामेंट में अब तक पंजाब पुलिस, पंजाब नेशनल बैंक (दिल्ली), इंडियन एयर फोर्स, भारत पेट्रोलियम, रेल कोच फैक्ट्री (कपूरथला), पंजाब एंड सिंध बैंक (दिल्ली) और CAG (दिल्ली) की टीमों ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मैच 26 नवंबर को खेले जाएंगे। इंडियन ऑयल भी पहले ही क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुकी है। पूल के तहत खेले गए पहले मैच में, रेल कोच फैक्ट्री (कपूरथला) ने शुरुआत से ही BSF जालंधर के खिलाफ आक्रामक खेल दिखाया। रेल कोच फैक्ट्री के लिए योगंबर रावत ने 10वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक के जरिए पहला गोल किया।

एचएमवी की मान्या ने 8.49 सीजीपीए के साथ यूनिवर्सिटी में पहला स्थान हासिल किया

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज



जालंधर। हंसराज महिला महा विद्यालय , जालंधर के अर्थशास्त्र विभाग की छात्रा मान्या (बी .एससी. इकोनॉमिक्स, सेमेस्टर II) ने मई-जून 2026 में आयोजित गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी की परीक्षाओं में 8.49 CGPA के साथ पहला स्थान प्राप्त किया है। इस मेधावी छात्रा को उसकी शानदार सफलता पर बधाई देते हुए, प्रिंसिपल डॉ. (श्रीमती) एकता खोसला ने उसकी कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ता की सराहना की, जिसकी बदौलत उसे यह बेहतरीन शैक्षणिक परिणाम मिला है। अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शालू बत्रा ने भी मान्या को बधाई दी और उसकी सच्ची कोशिशों तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति उसके समर्पण की प्रशंसा की। अंग्रेजी विभाग कीविभागाध्यक्ष डॉ. ममता; श्रीमती रमनिता सैनी शारदा; पंजाबी विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती कुलजीतकंप्यूटर साइंस विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. संगीता अरोड़ा; और गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. गगनदीप ने भी छात्रा को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। अर्थशास्त्र विभाग और अन्य विभागों के फैकल्टी सदस्यों ने इस शानदार उपलब्धि की सराहना की और मान्या के भविष्य के शैक्षणिक सफर में उसे निरंतर सफलता और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दीं। पूरे एचएमवी परिवार ने छात्रा को उसकी इस उपलब्धि पर बधाई दी और कामना की कि आने वाले वर्षों में वह सफलता के और भी कई मुकाम हासिल करे।







